# भारतीय जनता पार्टी

*(केन्द्रीय कार्यालय)*

11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001

**फोन नं.** : 23005700; **फैक्स** : 23005787

दिनांक : मई 02, 2013

**<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य</u>**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान की जेल में सरबजीत सिंह की हत्या को एक सोची–समझी साजिश करार देते हुए पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायुक्त को तत्काल वापस बुलाने कीमांग की है।

श्री राजनाथ सिंह ने आज यहां कहा कि पाकिस्तान में जिस तरह भारत विरोधी गतिविधियां चल रही हैं उन्हें देखते हुए सरकार को अंतर्राष्ट्रीय दबाव बनाने के साथ–साथ प्रभावकारी कदम उठाने चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी धरती से संचालित आतंकवादी गतिविधियों को बंद नहीं करता, तब तक भारत को उसके साथ अपने राजनयिक संबंध scale down कर देने चाहिए।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर जब दो भारतीय सैनिकों के धड़ से अलग शव बरामद हुए थे, उसी वक्त अगर भारत सरकार की ओर से कड़ा विरोध दर्ज कराया गया होता तो आज ऐसे हालात पैदा नहीं होते।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने उस वक्त भी भारतीय उच्चायुक्त को वापस बुलाने की मांग की थी लेकिन सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार को कोई न कोई कूटनीतिक कदम उठाना चाहिए, जिससे कि जो लोग पाकिस्तान की जेलों में बंद हैं उन्हें सुरक्षा मिल सके।

श्री राजनाथ सिंह ने सरकार पर देश हित से जुड़े मुद्दों का समाधान निकालने में विफल होने का आरोप लगाया। उन्होंने यूपीए सरकार से मांग की कि वह देश की समस्याओं से मुंह छिपाने की बजाय उनका समाधान निकाले। उन्होंने सरकार से मांग की कि सरबजीत के परिवार को आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी दी जाए।

**(ओम प्रकाश कोहली)**
*मुख्यालय प्रभारी*